कोटद्वार, बुधवार
4 फरवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 252 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 2.35 लाख ठगे

रुद्रपुर। रुद्रपुर निवासी एक व्यक्ति से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 2.35 लाख रुपये की ठगी कर ली। तहरीर पर थाना पंतनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शक्ति विहार कॉलोनी जगतपुरा, रुद्रपुर निवासी खुमान लाल भटपुरिया ने बताया कि 22 जनवरी की शाम उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को बैंक का प्रतिनिधि बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही। इसके बाद ठग ने व्हाट्सएप के माध्यम से एक एपीके फाइल भेजी, जिसे खोलते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। आरोप है कि इसके बाद ठग व्हाट्सएप कॉल पर लगातार उन्हें बातों में उलझाए रहा और इसी दौरान उनके क्रेडिट कार्ड व बैंक खाते से रुपये कटते रहे। जब उनके बेटे ने उनकी पत्नी के फोन पर कॉल कर पूरे मामले की जानकारी ली, तब ठगी का शक हुआ। बेटे की सलाह पर उन्होंने तत्काल कॉल बंद कर कस्टमर केयर से संपर्क किया। जांच में सामने आया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 2 लाख 20 हजार 259 रुपये और बैंक खाते से 15 हजार 48 रुपये निकाल लिए गए थे। थानाध्यक्ष पंतनगर नंदन सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मोबाइल नंबर, एपीके फाइल और ट्रांजेक्शन डिटेल के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### होटल में एनआरआई महिला की संदिग्ध मौत, मचा हड़कंप

हरिद्वार। सप्तऋषि इलाके के एक होटल में ठहरी एनआरआई महिला की संदिग्ध हालात में मौत से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान 66 वर्षीय अन्ना चौहान निवासी इंग्लैंड के रूप में हुई। वह 17 सदस्यीय दल के साथ हरिद्वार आई थी। पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह अचानक अन्ना चौहान की तबीयत बिगड़ गई। होटल स्टाफ ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके जरिए महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने होटल स्टाफ और महिला के साथ आए दल के सदस्यों से भी पूछताछ की। बाद में पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया। शुरुआती जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। हालांकि, असल कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। बेटी लंदन में डॉक्टर, परिजनों को दी गई सूचना शहर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मृतका अन्ना चौहान की बेटी अलीशा लंदन में डॉक्टर हैं। उनको इस घटनाक्रम की सूचना दे दी गई है।

### हरकी पैड़ी क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिद्वार। हरकी पैड़ी क्षेत्र की जोगिया मंडी में मंगलवार को एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय कन्हैया पुत्र पप्पू गिरि के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, कन्हैया कांगड़ा घाट पर फूल बेचता था। उसने अपने घर के अंदर फांसी लगाई। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटका था। सूचना मिलते ही हरकी पैड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

### बिहार : अनंत सिंह विधानसभा पहुंचकर विधायक पद की शपथ ली

पटना ,मोकामा से निर्वाचित विधायक अनंत सिंह ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में विधायक पद की शपथ ग्रहण कर ली। शपथ लेने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। बाहुबली विधायक के रूप में चर्चित अनंत सिंह को पटना सिविल कोर्ट ने विधानसभा में शपथ लेने की अनुमति दी थी। इसके बाद मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें विधानसभा लाया गया। विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही शुरू होने के बाद उन्होंने विधायक पद की शपथ ली।

## उत्तराखंड में पर्वतारोहण को नई उड़ान..

# 83 प्रमुख हिमालयी चोटियां पर्वतारोहियों के लिए खुली



देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड ने साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पर्वतारोहण को नई उंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में बड़ा फैसला किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने वन विभाग के समन्वय से गढ़वाल और कुमाऊं हिमालय क्षेत्र की 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण अभियानों के लिए पूरी तरह खोल दिया है। यह निर्णय उत्तराखंड को वैश्विक पर्वतारोहण मानचित्र पर एक सशक्त और आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। खोली गई चोटियों की उंचाई 5,700 मीटर से 7,756 मीटर तक है, जिनमें कामेट (7,756 मीटर), नंदा देवी ईस्ट, चौखंबा समूह, त्रिशूल समूह, शिवलिंग, सतोपंथ, चंगाबांग, पंचचूली और नीलकंठ जैसी विश्व प्रसिद्ध और चुनौतीपूर्ण चोटियां शामिल हैं। ये शिखर न केवल तकनीकी कठिनाई और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि हिमालय की भव्यता के जीवंत प्रतीक भी माने जाते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हिमालय हमारी पहचान, हमारी विरासत और हमारी शक्ति है। 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण के लिए खोलना राज्य के साहसिक पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। हमारा उद्देश्य है कि देश के युवा पर्वतारोहण जैसे साहसिक क्षेत्रों में आगे आएं, स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित विकास सुनिश्चित हो। राज्य सरकार सुरक्षित, जिम्मेदार और सतत पर्वतारोहण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारतीय युवाओं को पर्वतारोहण के लिए प्रोत्साहित करना, साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना और सीमावर्ती व दूर–दराज क्षेत्रों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है। भारतीय पर्वतारोहियों को बड़ी राहतः अधिसूचित 83 चोटियों पर अब भारतीय पर्वतारोहियों को कोई अभियान शुल्क (पीक फीस, कैंपिंग फीस, पर्यावरण शुल्क आदि) नहीं देना होगा। पहले यह शुल्क भारतीय पर्वतारोहण संस्था (कटा) और वन विभाग द्वारा लिया जाता था, लेकिन अब राज्य सरकार स्वयं इसका वहन करेगी। इससे आर्थिक बाधाओं के कारण पीछे रह जाने वाले युवाओं को बड़ा अवसर मिलेगा।

विदेशी पर्वतारोहियों के लिए सरल व्यवस्थाः विदेशी पर्वतारोहियों पर पहले लगने वाले राज्य स्तरीय अतिरिक्त शुल्क को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। अब उन्हें केवल कटा द्वारा निर्धारित शुल्क ही देना होगा। इससे उत्तराखंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपील बढ़ेगी और विदेशी अभियानों की संख्या में इजाफा होगा।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रियाः सभी पर्वतारोहण अभियानों के लिए आवेदन अब उत्तराखंड माउंटेनियरिंग परमिशन सिस्टम (वङ्टढर) के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। यह प्रणाली पारदर्शी, तेज और पूरी तरह डिजिटल है, जिससे अनुमति प्रक्रिया में देरी नहीं होगी।

स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावाः इस फैसले से सीमावर्ती गांवों में पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी। स्थानीय लोगों को गाइड, पोर्टर, होमस्टे, परिवहन और अन्य सेवाओं के माध्यम से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। यह पहल पलायन रोकने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर सख्तीः राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी अभियानों में सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय नियमों का सख्ती से पालन अनिवार्य होगा। पर्वतारोहियों को ह्लीव नो ट्रेसह्व सिद्धांत अपनाना होगा और हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी की रक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

### मां के हाथ से पांच साल के बच्चे को खींचकर ले गया गुलदार

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जनपद के न्याय पंचायत सारी अंतर्गत सिन्द्रवाणी गांव में मंगलवार को दर्दनाक घटना सामने आई है। पांच साल के बच्चे को गुलदार उसकी मां के हाथ से खींचकर ले गया। इसके बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं, बच्चे की तलाश जारी है। ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने बताया कि पांच बजे करीब पांच वर्षीय दक्ष पुत्र हेमंत सिंह अपनी मां के साथ घर के आंगन में था। अचानक गुलदार ने मां के हाथ से झपटा मार कर बच्चे को खींचा और जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद से ग्रामीण बच्चे की तलाश में जुटे हुए हैं। गांव में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन काण्डपाल ने कहा कि जंगली जानवर और मानव संघर्ष की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की गई है। फिलहाल पूरे क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा सर्च ऑपरेशन जारी है और ग्रामीण प्रशासन से मदद की आस लगाए हुए हैं।

## रोहित शेट्टी फायरिंग मामला

# हमले से पहले बिश्नोई गैंग ने की थी रेकी



मुंबई ,निर्देशक और प्रोड्यूसर रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर के बाहर हुई फायरिंग की घटना में मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच से कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस ने पाया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े आरोपियों ने हमले से पहले रोहित शेट्टी के घर और आसपास के इलाके की कई दिनों तक रेकी की थी। जांच में सामने आया कि रेकी उसी स्कूटर से की गई थी, जिसका इस्तेमाल फायरिंग के दौरान भागने के लिए किया गया। अज्ञात शूटर ने पांच राउंड फायरिंग की और उसी स्कूटर पर सवार होकर मौके से फरार हो गया। वह विले पार्ले रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां स्कूटर छोड़कर ट्रेन से मुंबई से बाहर निकल गया। पुलिस के अनुसार, अपराध में इस्तेमाल स्कूटर पुणे से 30 हजार रुपए में खरीदा गया था। स्कूटर मूल रूप से आनंद मारोटे के नाम पर रजिस्टर्ड था, जिसने इसे 6 अगस्त 2009 को खरीदा था। घटना से करीब 12 दिन पहले मारोटे ने स्कूटर गिरफ्तार आरोपी आदित्य गायकवाड़ को 30 हजार रुपए में बेच दिया। पैसे कथित मास्टरमाइंड शुभम लोनकर ने दिए थे। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी समर्थ पोमाजी के निर्देश पर सिद्धार्थ येनपुरे और स्वप्नील सकट ने स्कूटर को सड़क मार्ग से पुणे से लोनावाला लाने की कोशिश की, ताकि इसे शूटर को सौंपा जा सके। हालांकि शूटर लोनावाला नहीं पहुंच सका, इसलिए आरोपियों ने घटना से लगभग 10 दिन पहले स्कूटर मुंबई पहुंचाकर अज्ञात शूटर को सौंप दिया।

## दर्दनाक हादसा : उत्तराखंड में खाई में गिरी हिमाचल रोडवेज की बस

# 3 की मौत-कई घायल,रेस्क्यू जारी



देहरादून ,मंगलवार सुबह हिमाचल प्रदेश के चौपाल–नेरवा से पांवटा जा रही एचआरटीसी की एक बस क्वानू के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।

यह बस सुबह साढ़े छह बजे चौपाल डिपो से पहले नेहवा पहुंची और उसके बाद मीनस–क्वानू– हरिपुर रूट से पांवटा जा रही थी। बस में तीस से अधिक लोग सवार बताए जा रहे हैं। घटना सुबह करीब दस बजे की बताई जा रही है।

मीनस–क्वानू– हरिपुर मार्ग पर सुदोई खड्डु के पास ट्रक को साइड देने के चक्कर में सड़क का पुश्ता धंसने से सवारियों से भरी एचआरटीसी की बस खाई में कई पलटे खाने के बाद सीधे खड्डु में जा गिरी। स्थानीय लोग राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर जुटे हैं। घटना की सूचना से पुलिस प्रशासन व एसडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हो गई।

### नशीला पदार्थ देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। रुद्रपुर में एक महिला को नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रुद्रपुर निवासी एक महिला ने सोमवार को ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका अपने पति से विवाद चल रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अस्पताल में विपिन कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम हरदुआ, थाना मिलक, जिला रामपुर यूपी से हुई। दोस्ती होने के बाद युवक का उसके घर आना–जाना शुरू हो गया। बीते दिनों महिला का पति बच्चों को लेकर गांव चला गया था। इसी दौरान विपिन उसके घर आया और बातचीत के दौरान चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। आरोप है कि बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने हिम्मत जुटाकर सोमवार को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से मंगलवार को मोदी मैदान के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# ट्रंप के दबाव में झुका ईरान, परमाणु मुद्दे पर अमेरिका से बातचीत को तैयार, राष्ट्रपति मसूद ने दिए आदेश



तेहरान ,अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त नीतियों और सैन्य दबाव ने ईरान को बैकफुट पर ला दिया है। खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव देखने को मिला है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने परमाणु मुद्दे पर अमेरिका के साथ बातचीत शुरू करने का औपचारिक आदेश दे दिया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'फार्स ने एक उच्च पदस्थ सूत्र के हवाले से इसकी पुष्टि की है। इस कदम को ट्रंप प्रशासन की आक्रमक रणनीति का परिणाम माना जा रहा है।

**तुर्की में हो सकती है मुलाकात, ईरान कर रहा समीक्षा**

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को पुष्टि की कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत शुरू करने के संभावित विवरण और सामान्य रूपरेखा की समीक्षा कर रहा है। पश्चिमी मीडिया में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों देशों के बीच अगले कुछ दिनों में तुर्की में एक अहम बैठक हो सकती है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बघाई ने कहा कि ईरान अभी निर्णय लेने के चरण में है और इस मुद्दे के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान के लिए 'समय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले कुछ दौर की बातचीत में दूसरे पक्षों ने प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल किया है। क्षेत्रीय देश इस समय दोनों पक्षों के बीच संदेशवाहक की भूमिका निभा रहे हैं।

अविश्वास और प्रतिबंध हटाने की शर्त

बघाई ने अमेरिका के पुराने रिकॉर्ड पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में ईरान को अक्सर अमेरिका से धोखा मिला है और वादों को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने पिछले साल जून में इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए हमले का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका के व्यवहार में साफ विरोधाभास है। इसके बावजूद, ईरान ने हमेशा कूटनीतिक रास्ता अपनाने की प्रतिबद्धता दिखाई है। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर दुनिया की चिंताएं दूर करने को तैयार है, लेकिन इसके बदले में प्राथमिकता के आधार पर प्रतिबंधों को हटाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों का हटना ईरान के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

**जंगी जहाज तैनात, ट्रंप ने दी थी चेतावनी**

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव इस वक्त चरम पर है। जनवरी के अंत में ट्रंप प्रशासन ने मध्य पूर्व में एक विमानवाहक पोत स्ट्राइक ग्रुप और कई युद्धपोत तैनात कर दिए थे, जिससे ईरान पर भारी दबाव बना है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कड़े लहजे में कहा था कि यदि ईरान परमाणु समझौता करने में विफल रहता है, तो 'हमें पता चल जाएगा कि ईरानी सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की वह चेतावनी कितनी सही थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिकी हमला क्षेत्रीय युद्ध को भड़का सकता है।

# सीएम धामी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत हुए एमओयू तथा उनकी ग्राउंडिंग (क्रियान्वयन) की प्रगति की समीक्षा हेतु उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए एमओयू की वर्तमान स्थिति, जमीनी प्रगति, अवरोधों तथा आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

**एमओयू ग्राउंडिंग में ऐतिहासिक प्रगति, मुख्यमंत्री ने बताया राज्य के लिए बड़ी उपलब्धिः**

बैठक में अवगत कराया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत कुल 3,57,693 करोड़ रुपये के 1,779 एमओयू संपादित किए गए थे, जिनमें से अब तक 1,06,953 करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंडिंग सफलतापूर्वक हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तराखंड के औद्योगिक एवं आर्थिक भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह राज्य में निवेशकों के विश्वास, बेहतर कानून–व्यवस्था, सुशासन और उद्योग अनुकूल वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस सकारात्मक परिणाम को और आगे बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं, जिनका लाभ राज्यहित में लिया जाना चाहिए।

**एमओयू ग्राउंडिंग में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री के स्पष्ट और सख्त निर्देशः**

मुख्यमंत्री धामी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि एमओयू एवं परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर आ रहे अवरोधों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

प्रत्येक संबंधित विभाग में एक–एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जो एमओयू ग्राउंडिंग की सतत मॉनिटरिंग करे। यदि किसी नीति में संशोधन, सरलीकरण अथवा शिथिलीकरण की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र पैरवी की जाए। उद्योगपतियों के साथ नियमित संवाद और संपर्क बढ़ाया जाए तथा उन्हें राज्य में कानून–व्यवस्था, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, डिजिटलीकरण,सरलीकृत प्रक्रियाएं और उद्योग फ्रेंडली इकोसिस्टम से संबंधित सुधारों की जानकारी दी जाए।

**पर्यटन, उद्योग और निवेश के नए अवसरों पर विशेष फोकसः**

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को निर्देशित किया कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में जिन क्षेत्रों में होटल निर्माण की व्यापक संभावनाएं हैं– जैसे पिथौरागढ़, कैंची धाम सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों–वहाँ निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए। पर्यटन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग स्पेशल टूरिस्ट ज़ोन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में एरिया आधारित फोकस पॉलिसी तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

### युवक ने गंगा में लगाई छलांग

ऋषिकेश। 72 सीढ़ी घाट के पास से एक युवक ने गंगा में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। त्रिवेणी घाट चौकी और जल पुलिस के जवानों ने उसे बाहर निकाला। उसे जवानों ने सीपीआर दी। युवक का एम्स में उपचार चल रहा है। मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे एक युवक 72 सीढ़ी घाट के पास पहुंचा। कुछ देर बाद उसने गंगा में छलांग लगा दी। युवक के गंगा में छलांग लगाने की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर त्रिवेणी घाट चौकी पुलिस और जल पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। जवानों ने उसे गंगा से बाहर निकाला। उसे सीपीआर दिया गया। पुलिस ने उसे उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे एम्स रेफर कर दिया गया। त्रिवेणी घाट चौकी प्रभारी विनेश कुमार ने बताया कि युवक भानियावाला का रहने वाला है। उसके गंगा में छलांग लगाने के कारण पता नहीं लग पाया है।

# बांग्लादेश में चुनाव से पहले चरम पर अपराध



ढाका ,। बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। 12 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारी भी जोरशोर से चल रही है। इन सबके बीच देशभर में भारी हिंसा देखने को मिल रही है। चुनावी हिंसा ने लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने 11 दिसंबर 2025 को चुनाव की तारीख का ऐलान किया था। इसके तुरंत बाद इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान बिन हादी की ढाका में दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। हादी की हत्या के बाद कई राजनीतिक हत्याएं देखने को मिलीं। बांग्लादेशी मीडिया ढाका ट्रिब्यून ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि शेड्यूल जारी होने के बाद से चुनाव से जुड़ी घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है और 500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि, मानवाधिकार संगठन ने लॉ एंड ऑर्डर की हालत बिगड़ने की रिपोर्ट दी है। 21 जनवरी को कैंपेन शुरू होने के बाद से उन्होंने चार मौतें, 414 घायल और झड़प की 51 घटनाएं दर्ज की हैं। निर्दलीय उम्मीदवार सलमान उमर रुबेल के समर्थक नजरुल इस्लाम की मैमनसिंह के धोबौरा के इरशाद बाज़ार में हत्या कर दी गई। जमात–ए–इस्लामी के सेक्रेटरी रेजाउल करीम की शेरपुर के श्रीबर्दी उपजिला में पीट–पीटकर और ईंटों से कुचलकर मौत हो गई।

## पश्चिम बंगाल में ईडी का बड़ा एक्शन

# कोलकाता-दुर्गापुर समेत 9 ठिकानों पर छापामारी



कोलकाता ,पश्चिम बंगाल में कोयला तस्करी से जुड़े मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार 3 फरवरी 2026 की सुबह एक बार फिर बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की। केंद्रीय जांच एजेंसी की टीमों ने कोलकाता, दुर्गापुर, आसनसोल और बर्द्धमान समेत राज्य के कुल नौ ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक, इस कार्रवाई का उद्देश्य कोयला तस्करी से अर्जित अवैध धन के लेन–देन की कड़ियों को खंगालना है। ईडी को आशंका है कि तस्करी से जुटाई गई रकम को हवाला नेटवर्क के माध्यम से इधर–उधर किया गया है। इसी संदेह के आधार पर एजेंसी डिजिटल रिकॉर्ड और अहम दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है। कोलकाता के अलावा दुर्गापुर में भी ईडी की टीमें सक्रिय हैं। मंगलवार सुबह करीब छह बजे से सेपको टाउनशिप में एक बालू कारोबारी के आवास पर छापेमारी की जा रही है। वहीं, सिटी सेंटर इलाके में आंबेडकर सरणी स्थित एक संदिग्ध मकान की तलाशी ली जा रही है। पांडवेश्वर और कांकसा में राष्ट्रीय राजमार्ग–19 के समीप स्थित परिसरों पर भी जांच एजेंसी ने दबिश दी है। जांच के दौरान सामने आया है कि संबंधित कारोबारी अजय और दामोदर नदियों से बालू खनन के काम से जुड़े हुए हैं। आरोप है कि वैध टेंडर का सहारा लेकर बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन किया गया। एक ही चालान को बार–बार इस्तेमाल कर बालू की ढुलाई की गई। बीरभूम जिले के चालान दिखाकर पश्चिम बर्द्धमान जिले से अवैध रूप से बालू की तस्करी किए जाने की बात भी जांच में सामने आई है। ईडी का कहना है कि इन गैरकानूनी गतिविधियों के जरिए कारोबारियों ने कम समय में भारी संपत्ति जुटाई है। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है और कई अहम दस्तावेजों के जब्त किए जाने की सूचना है।

### चुनाव आयोग ने किया बंगाल की सीएम के आरोपों का खण्डन

नई दिल्ली/कोलकाता ,बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और चुनाव आयोग के बीच आज दिन भर चले तनातनी के बीच जहां सीएम ममता ने चुनाव आयोग पर तमाम आरोप लगाते हुए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को झूठा और अहंकारी करार दिया। वही देश के चुनाव ने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग ने ममता के आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आयोग के शालीन और मर्यादित रवैया होने के बावजूद ममता ने झूठे आरोप लगाए, दुर्व्यवहार किया है। साथ ही मेज पर मारा और बैठक छोड़कर चली गईं। चुनाव आयोग की तरफ से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रतिनिधिमंडल के साथ चुनाव आयोग पहुंचीं थीं। उन्होंने बंगाल में चल रहे एसआईआर से संबंधित कुछ मुद्दे उठाए। इस दौरान चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनके हर सवालों का बड़ी विनम्रता के साथ जवाब दिया। उन्होंने समझाया कि उनके राज्य में कानून का राज चलेगा। जो भी कानून हाथ में लेगा, आयोग उससे सख्ती से निपटेगा।

# शारदीय कांवड़ मेलाः 5 फरवरी से हाईवे पर भारी वाहनों की नो—एंट्री



हरिद्वार। शारदीय कांवड़ मेला और महाशिवरात्रि को लेकर हरिद्वार पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि पांच फरवरी की सुबह 8 बजे से 15 फरवरी की रात 12 बजे तक विशेष ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान हरिद्वार–नजीबाबाद मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एसएसपी के अनुसार, कांवड़ मेले में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देख यह कदम उठाया गया है। सिडकुल, देहरादून और ऋषिकेश की ओर से बिजनौर, मुरादाबाद और नैनीताल जाने वाले भारी वाहन अब हरिद्वार की बजाय रुड़की–मुजफ्फरनगर मार्ग से अपने गंतव्य तक जाएंगे। उनकी वापसी भी इसी मार्ग से होगी। हालांकि, खाद्य सामग्री, पेट्रोलियम, गैस और मेडिकल सप्लाई वाले वाहन रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक आवागमन कर सकेंगे। पुलिस–प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे ट्रैफिक प्लान का पालन करें। रोडवेज बसों के लिए अलग रूट देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार से बिजनौर, मुरादाबाद और नैनीताल जाने वाली बसें लाडपुर से नहर पटरी मार्ग का प्रयोग करेंगी। वापसी में बिजनौर–गंगा बैराज–मुजफ्फरनगर होकर हरिद्वार पहुंचेंगी।

कोटद्वार से हरिद्वार आने वाली निजी बसों का मार्ग यथावत रहेगा। हरकी पैड़ी क्षेत्र में जीरो ट्रैफिक जोन घोषित यातायात दबाव को देखते हुए यह क्षेत्र जीरो ट्रैफिक जोन घोषित किया गया है। पोस्ट ऑफिस तिराहे से हरकी पैड़ी और भीमगोड़ा बैरियर से हरकी पैड़ी तक वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## सम्पादकीय

### लापरवाह पर कसें नकेल

उत्तराखंड में कानून और सुरक्षा व्यवस्था के गिरते स्तर के बाद अब यह जरूरी हो गया है कि राज्य सरकार और पुलिस के आला अधिकारियों को पूरे विभाग को मंथने की जरूरत है। पिछले कुछ समय में ऐसी कई घटनाएं प्रकाश में आ चुकी है जिनमें पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हुए हैं और पुलिस कर्मियों के आचरण और लापरवाही के कारण कुछ दरोगाओं को विभागीय कार्रवाई के तहत निलंबित भी किया गया। हालांकि निलंबन की यह प्रक्रिया पीड़ितों के जख्मों के घाव भरने के लिए पर्याप्त नहीं है लेकिन अधिकारियों ने अधीनस्थों को एक संदेश देने की कोशिश तो की ही है कि लापरवाही एवं गलत कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि इस प्रकार की कार्रवाई के बावजूद भी कुछ मामले ऐसे घटित हो जाते हैं जिनमें पुलिस की लापरवाही कई परिवारों के लिए जिंदगी भर आंसुओं का कारण बन जाती है। जरूरी है कि किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर संबंधित थानों की पुलिस इन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कदम उठाए ताकि ऐसी घटनाएं घटित ना हो जैसी देहरादून के कोतवाली नगर क्षेत्र में युवती की गला काटकर हत्या के रूप में सामने आई। शिकायतों में, खासतौर से महिलाओं से संबंधित छेड़खानी जैसे प्रकरणों पर लापरवाही काफी महंगी पड़ सकती है। उत्तराखंड में पुलिस के काम करने के तरीके पर अब लगातार सवाल उठ रहे है। सोशल मीडिया में ऐसे कई प्रकरण चर्चाओं का केंद्र बने हुए हैं जिनमें कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा प्रताड़ित करने के साथ—साथ गलत तरीके से लोगों के साथ व्यवहार भी किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय में बैठे अग्रिम पंक्ति के बड़े अधिकारी इस व्यवस्था को सुधारने की कोशिश तो करते हैं लेकिन जनपद स्तर पर ऐसे लापरवाह पुलिस कर्मियों पर पूरे तरीके से अंकुश लगा पाने में विभाग अभी तक सफल होता नजर नहीं आ रहा है। निलंबन और लाइन हाजिर जैसी कार्रवाई करने के बावजूद भी लापरवाह रवैया सुधरता नहीं दिख रहा जिस कारण न केवल उत्तराखंड पुलिस की छवि पर प्रभाव पड़ रहा है बल्कि आम जनता एवं पुलिस के बीच भी आपसी समन्वय की भावना का असर कम हो रहा है। हाल ही में घटित हुई तमाम घटनाओं के बाद अब पुलिस महकमे को नए तरीके से खुद को साबित करने की जरूरत है ताकि समाज में उत्तराखंड पुलिस जिसे "मित्र पुलिस" का नाम दिया गया है वह अपनी कसौटियों पर खरा उतर सके। अन्यथा काम करने के तरीके में ढिलाई रखने पर ऐसे गंभीर प्रकरण सामने आते ही रहेंगे और अधिकारी महज लाइन हाजिर और निलंबन जैसी कार्रवाई करने तक ही सीमित रह जाएंगे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी

**डॉ. विभा धवन**

पिछले लगभग दो दशकों से ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम भारत की सामाजिक सुरक्षा संरचना का केंद्रीय स्तंभ रहे हैं। वर्ष 2005 में अधिनियमित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) ने ग्रामीण परिवारों को आय सुरक्षा प्रदान की है, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार किया है तथा आवश्यक सामुदायिक परिसंपत्तियों के सृजन में योगदान दिया है। जैसे-जैसे ग्रामीण भारत तीव्र आर्थिक, प्रौद्योगिक और पर्यावरणीय परिवर्तनों से गुजर रहा है, उभरती चुनौतियों और अवसरों का प्रभावी ढंग से उत्तर देने के लिए, इस ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने की तात्कालिक आवश्यकता है।

विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम, 2025 इस क्रमिक विकास को प्रतिबिंबित करता है। ग्रामीण रोजगार गारंटी ढांचे में सुधार के माध्यम से यह अधिनियम इस तथ्य को मान्यता देता है कि सतत् ग्रामीण समृद्धि केवल रोजगार सृजन पर ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु जोखिमों के प्रति लचीलेपन तथा आजीविकाओं के संरक्षण पर भी आधारित होनी चाहिए। यह समेकित दृष्टिकोण ऐसे समय में अत्यंत प्रासंगिक है, जब ग्रामीण समुदाय जलवायु परिवर्तनशीलता, चरम मौसमीय घटनाओं और संसाधन दबाव के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता का सामना कर रहे हैं।

**जी राम जी अधिनियम क्यों विशिष्ट है**

जी राम जी अधिनियम की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें मजदूरी आधारित रोजगार को चार प्राथमिक क्षेत्रों के साथ संरेखित करने पर विशेष बल दिया गया है—जल सुरक्षा, मूल ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से संबंधित अवसंरचना तथा चरम मौसमी घटनाओं के शमन से जुड़े कार्य। यह ग्रामीण रोजगार नीति के पर्यावरणीय और लचीलापन संबंधी आयामों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जल से संबंधित कार्य, मृदा एवं भूमि संरक्षण, जल निकासी प्रणालियाँ तथा जलवायु-अनुकूल अवसंरचना कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के साथ-साथ बाढ़, सूखा और भूमि क्षरण के प्रति संवेदनशीलता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब ऐसी परिसंपत्तियाँ प्रभावी ढंग से नियोजित तथा कार्यान्वित की जाती हैं, तो वे कई लाभ उत्पन्न करती हैं—अल्पकालिक रोजगार सृजन, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन तथा दीर्घकालिक आजीविका सुरक्षा। इन क्षेत्रों पर अधिनियम का विशेष बल इस तथ्य को रेखांकित करता है कि रोजगार कार्यक्रम एक साथ सामाजिक संरक्षण और जलवायु अनुकूलन के प्रभावी साधन के रूप में कार्य कर सकते हैं।

**स्थानीय स्तर पर लचीलापन**

अधिनियम की नियोजन पारिस्थितिकी-जिसका केंद्र विकसित ग्राम पंचायत योजनाएँ हैं तथा जिसमें परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक के अंतर्गत एकीकृत किया गया है-ग्रामीण विकास के लिए एक सुसंगत और भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण को समर्थन प्रदान करती है। विकेन्द्रीकृत नियोजन के माध्यम से पंचायतों को स्थानीय प्राथमिकताओं की पहचान करने का अवसर मिलता है,



जबकि राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ एकीकरण व्यापक अवसंरचना एवं विकास उद्देश्यों के साथ समन्वय सुनिश्चित करता है।

कार्यान्वयन के दृष्टिकोण से यह ढांचा रोजगार गारंटी के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, स्थायित्व और प्रासंगिकता में सुधार का अवसर प्रदान करता है। पर्याप्त तकनीकी सहयोग और क्षमता निर्माण के माध्यम से पंचायती राज संस्थान यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कि सार्वजनिक कार्य, संसाधन संरक्षण तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण में सार्थक योगदान दें। अधिनियम के अंतर्गत परिकल्पित पारदर्शिता तंत्र, डिजिटल निगरानी उपकरण और सामाजिक अंकेक्षण जवाबदेही को और सुदृढ़ करते हैं तथा सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करते हैं।

सामाजिक संरक्षण और लचीलेपन पर ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी)

सतत् विकास के प्रति वचनबद्ध एक शोध संस्थान के रूप में, टेरी ने यह समझने के लिए व्यापक रूप से कार्य किया है कि ग्रामीण समुदायों में लचीलापन विकसित करने के लिए सामाजिक संरक्षण तंत्रों को किस प्रकार सुदृढ़ किया जा सकता है। हमारे शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि जब रोजगार कार्यक्रमों को पर्यावरणीय योजना और जोखिम-सूचित रूपरेखा के साथ जोड़ा जाता है, तो वे घरेलू तथा सामुदायिक-दोनों स्तरों पर अनुकूलन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा सकते हैं।

टेरी ने जलवायु लचीलापन, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन तथा आजीविका की निरन्तरता को सम्मिलित करने हेतु नीतिगत ढांचों के पुनरोद्धार और सुदृढ़ीकरण से संबंधित सरकारी प्रक्रियाओं में विश्लेषणात्मक योगदान प्रदान किया है। इसमें कार्यक्रम अभिकल्पना में लचीलापन संबंधी पहलुओं के एकीकरण को समर्थन देना तथा रोजगार सृजन के साथ-साथ दीर्घकालिक पर्यावरणीय और सामाजिक परिणामों को प्रतिबिंबित करने वाले संकेतकों की पहचान करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, टेरी ने ऐसे वित्तीय मॉडल और नियोजन दृष्टिकोणों का अध्ययन किया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश को अधिकतम करने में मदद कर सकते हैं - सामुदायिक परिसंपत्तियों को सुदृढ़ करना, दीर्घकालिक संवेदनशीलता को कम करना, और संसाधनों के उपयोग की दक्षता बढ़ाना। इस प्रकार के शोध-आधारित योगदान का उद्देश्य सरकारी पहलों का पूरक होना और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करना होता है।

**आजीविकाओं का संरक्षण**

जी राम जी अधिनियम का दृष्टिकोण ग्रामीण आजीविकाओं को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व को प्रमुखता देता है। जल सुरक्षा, कनेक्टिविटी, भंडारण और जलवायु-सहनशील अवसंरचना में निवेश प्रत्यक्ष रूप से कृषि, सहायक गतिविधियों और गैर-कृषि आजीविकाओं का समर्थन करता है। साथ ही, अधिनियम में शामिल प्रावधान, जैसे कि प्रमुख कृषि सीजन के दौरान सार्वजनिक कार्यों में राज्य-निर्धारित विराम, यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि रोजगार सृजन कृषि गतिविधियों के पूरक के रूप में बना रहे।

एक कानूनी रोजगार गारंटी की निरंतरता, साथ ही जहाँ कार्य प्रदान नहीं किया जाता वहां बेरोजगारी भत्ता देने के प्रावधान, अधिनियम के सामाजिक संरक्षण उद्देश्यों को और मजबूत करते हैं। पूर्वानुमेय नियोजन और वित्तपोषण के साथ, प्रशासनिक क्षमता के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से, कार्यक्रम की प्रभावशीलता और प्रतिक्रिया देने की क्षमता को और बढ़ाया जा सकता है।

'विकसित भारत 2047' की ओर

जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 के विज़न की ओर बढ़ रहा है, ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम समावेशी विकास प्रदान करने में एक बड़ी रणनीतिक भूमिका निभाएंगे। उनकी सफलता का मूल्यांकन केवल सृजित कार्यदिवसों की संख्या से नहीं, बल्कि लचीली आजीविकाओं, स्थायी अवसंरचना और महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में उनके योगदान से किया जाएगा।

इस संदर्भ में, विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 इन परिणामों को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत नीतिगत ढांचा प्रस्तुत करता है। पर्यावरणीय प्राथमिकताओं को सम्मिलित करके, जलवायु जोखिमों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर और विकेन्द्रीकृत नियोजन को मजबूत करके यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को सतत् विकास की आधारशिला के रूप में स्थापित करता है। सरकार, शोध संस्थानों, राज्यों और स्थानीय समुदायों के बीच निरंतर सहयोग के माध्यम से यह सुधार यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि ग्रामीण रोजगार वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य हेतु लचीलेपन में भी सार्थक योगदान दे-आज आजीविकाओं का समर्थन करते हुए कल की समृद्धि के लिए आवश्यक संसाधनों की रक्षा करना।

# चीन के साथ भारत का रिश्ता नफरत और जरूरत का

**हरिशंकर व्यास**

नफरत और प्यार का रिश्ता बहुत सुना गया होगा लेकिन चीन के साथ भारत का रिश्ता नफरत और जरुरत का है। चीन से नफरत भी है और उसकी जरुरत भी है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राहुल गांधी के चीन के राजदूत से मिलने की घटना को आसमान टूट पड़ने जैसी घटना माना था। उसके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को देशद्रोही ठहराया गया। कांग्रेस पार्टी और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीपीसी के साथ एक एमओयू साइन हुआ था, जिसे लेकर भाजपा ने बड़ा नैरेटिव खड़ा किया। लेकिन अब खुद भाजपा नेता चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मिले हैं। भाजपा के विदेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय चौथाईवाला ने यह मुलाकात तय कराई और पार्टी मुख्यालय में महासचिव अरुण सिंह के साथ दूसरे नेता सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल से मिले।भाजपा के नेता यह कह कर फेस सेविंग कर रहे हैं कि चीन के डेलिगेशन से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा या कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन नहीं मिले या पार्टी के दोनों सर्वोच्च नेता नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मुलाकात नहीं की, जबकि कांग्रेस में खुद राहुल गांधी मिले थे। लेकिन यह बचाव का तर्क नही हो सकता है। जैसे ही भाजपा नेताओं से सीपीसी डिलेगेशन के मिलने की तस्वीरें सामने आईं वैसे ही सन्नाटा खींच गया। सोशल मीडिया में भाजपा का पूरा इकोसिस्टम खामोश हो गया। इस बीच दो चार लोगों ने हिम्मत करके सवाल उठाया और दबी जुबान में कहा कि यह अच्छा नहीं हुआ। भाजपा नेताओं से मुलाकात के बाद सीपीसी का डेलिगेशन आरएसएस कार्यालय में संघ के नंबर दो पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले से मिला। हालांकि उसकी फोटो नहीं जारी की गई। बाद में भारत की तीनों कम्युनिस्ट पार्टियों से सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल के मिलने की खबर भी आई।अब सवाल है कि जिस समय चीन अरुणाचल प्रदेश में जन्मे भारतीय मूल के लोगों को अपने हवाईअड्डों पर रोक कर पासपोर्ट अवैध बता रहा है या अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताने वाले यूट्यूबर्स को रोक कर प्रताड़ित कर रहा है, शक्सगाम घाटी में निर्माण कार्य कर रहा है और उसे चीन का हिस्सा बता रहा है उसके प्रतिनिधिमंडल के साथ भाजपा की दोस्ती दिखाने का क्या मतलब है? सरकारी स्तर पर दोनों देशों के बीच संबंध सुधर गए हैं। मोदी और शाह ने व्यापार की खातिर गलवान घाटी में शहीद हुए 20 जवानों का घाव भुला दिए है। प्रधानमंत्री मोदी की बहुपक्षीय मंचों पर शी जिनपिंग से मुलाकात हुई है तो भारत के रक्षा और विदेश मंत्री दोनों ने चीन का दौरा किया है। लेकिन पार्टी टू पार्टी यानी भाजपा और सीपीसी के नेताओं की मुलाकात या संघ और सीपीसी की मुलाकात का क्या मतलब है?

कहा जा रहा है कि एक दूसरे की कार्यप्रणाली को समझने की कोशिश इस मुलाकात का मकसद थी। जाहिर है कि चीन को भारत से लोकतांत्रिक प्रणाली सीखने में कोई दिलचस्प नहीं होगी तो क्या भारतीय जनता पार्टी यह सीखने की कोशिश कर रही थी कि भारत में भी कैसे चीन की तरह एकदलीय व्यवस्था लागू हो सकती है? चीन की कम्युनिस्ट पार्टी इसके अलावा भाजपा या किसी भी पार्टी को और क्या सीखा सकती है? वहां एकदलीय व्यवस्था है। कम्युनिस्ट पार्टी ही सरकार है और सरकारी ही पार्टी है। दूसरी बात यह है कि कोई भी नेता पार्टी और सरकार के खिलाफ नहीं बोल सकता है। सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग हैं और उनकी हर बात का समर्थन करना सिर्फ पार्टी के नेताओं का ही नहीं, बल्कि चीन की जनता का भी पुनीत कर्तव्य है। भारत में भी पार्टी और सरकार को तो एक कर दिया गया है और यहां भी मोदी और शाह के खिलाफ बोलने को देशद्रोह माना जाने लगा है लेकिन एक बाधा विपक्ष की है। विपक्ष अब भी मजबूत है और उसके नेता भाजपा को जवाबदेह बनाने की कोशिश करते रहते हैं। तभी हो सकता है कि सीपीसी से भाजापा ने इस मामले में कुछ टिप्स लिए हों।

इस मुलाकात के कारणों पर विचार करने पर ऐसा लगता है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं से मिलने की मजबूरी भी हो सकती है। असल में भारत लगभग पूरी तरह से चीन पर आश्रित हो गया है। रोजमर्रा की जरुरत की चीजों से लेकर कृषि सेक्टर के उपकरणों, सेमीकंडक्टर सहित ऑटोमोबाइल सेक्टर के दूसरे कंपोनेंट, आईटी सेक्टर के उपकरण, दवाओं के लिए जरूरी कंपोनेंट आदि सब चीन से आता है। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 116 अरब डॉलर यानी 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। फिर भी चीन के साथ कारोबार करने की मजबूरी है। यह मजबूरी कैसी है इसे इस एक तथ्य से समझें कि भारत ने चीन के मांझे पर रोक लगाई है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के राज्य गुजरात में मकर संक्रांति पर पतंगोत्सव के दौरान चीनी मांझे से गला कटने की वजह से नौ लोगों की मौत हो गई। सोचें, जिस पर पाबंदी है वह माल भी चीन से आ रहा है और खुलेआम भारत में बिक रहा है। अगर चीनी मांझे से गला कटने से होने वाली मौतों का देश भर का आंकड़े देखें तो गुजरात से वाराणसी तक मरने वालों की संख्या और बड़ी हो जाएगी। बहरहाल, भारत की मजबूरी है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध रखे अन्यथा वह रेयर अर्थ मैटेरियल देना बंद कर देगा तो भारत क्या करेगा? हो सकता है कि मुलाकात इस मजबूरी में हुई हो।

लेकिन इस मजबूरी की मुलाकात को एक दूसरा रुप भी दिया जा सकता है। इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि भारत ने अमेरिका को मैसेज देने के लिए चीन के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात भाजपा और संघ के नेताओं से कराई। ध्यान रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बात पर चिंता जता चुके हैं कि वे रूस और चीन के हाथों भारत को गंवा चुके हैं। इस धारणा को बदलने या ठीक करने के लिए ही भारत में नियुक्त राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से जरूरी कोई नहीं है।

## बॉक्स ऑफिस के बाद ओटीटी पर रणवीर सिंह की धुरंधर का जलजला

आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और दुनियाभर में इसने 1300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया। बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के बाद अब रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर नेटफ्लिक्स पर भी रिलीज हो गई है और स्ट्रीमिंग के 24 घंटों के भीतर ही नेटफ्लिक्स इंडिया पर इसने नंबर 1 स्थान पर कब्जा जमा लिया है। सिनेमाघरों में रिलीज के करीब 2 महीने बाद धुरंधर 30 जनवरी की आधी रात को नेटफ्लिक्स पर रिलीज की गई और 31 जनवरी तक यह फिल्म नेटफ्लिक्स इंडिया पर नंबर 1 स्थान पर पहुंच गई और अभी भी इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है।



धुरंधर ने पहले सिनेमाघरों में धूम मचाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दर्शकों ने सिनेमाहॉल में खूब सीटियां और ताली बजाईं। मगर अब, सिनेमाघरों के बाद दर्शक अपने घर में धुरंधर के रोमांच का लुत्फ उठा रहे हैं। दर्शक अपने घर के लिविंग रूम और कमरों में बैठकर धुरंधर के ड्रामा, भव्यता और देशप्रेम का अनुभव कर रहा है। कई ने सोशल मीडिया पर फिल्म की ओटीटी रिलीज पर खुशी भी जाहिर की है।

धुरंधर के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो रणवीर सिंह की इस फिल्म ने 31 जनवरी, 2026 तक भारत में 836.5 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 1302.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 28 करोड़ का कलेक्शन किया और पहले हफ्ते तक इसने 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। सिनेमाघरों में 58वें दिन तक ये फिल्म अपनी मजबूत पकड़ बनाए रही और 58वें दिन चार लाख का कलेक्शन किया। इसी के साथ फिल्म दुनियाभर में अब तक 1300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है।

आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं। उन्होंने फिल्म में हमजा नाम के भारतीय स्पाई की भूमिका निभाई है। उनके अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी जैसे कलाकार इस ब्लॉकबस्टर में मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब दर्शक फिल्म के दूसरे भाग का इंतजार कर रहे हैं, जो 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## भारत सरकार का धन्यवाद... पद्म श्री अवॉर्ड मिलने पर रोहित शर्मा ने बोली बड़ी बात

नईदिल्ली, पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म श्री से सम्मानित होने पर आभार व्यक्त किया है. उन्होंने इसे अपने और अपने परिवार के लिए एक खास पल बताया और कहा कि वह भारत के लिए मैच जीतना जारी रखेंगे. इस अवॉर्ड को खास पल बताते हुए, रोहित ने भारत सरकार और उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने क्रिकेट में उनके पूरे सफर में उनका साथ दिया. रोहित शर्मा ने कहा, पद्म श्री मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत खास पल है. मैं इस सम्मान के लिए भारत सरकार का धन्यवाद करता हूं. मैं उन सभी लोगों का भी आभारी हूं जिन्होंने मेरे करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. अपने देश के लिए मैच और ट्रॉफियां जीतने की मेरी कोशिश हमेशा जारी रहेगी. धन्यवाद, जय हिंद? बता दें कि इस साल रोहित शर्मा समेत 8 खिलाड़ियों को पद्म अवॉर्ड के लिए चुना गया है. जिसमें पूर्व टेनिस स्टार विजय अमृतराज को पद्म भूषण और बाकी सात खिलाड़ियों को पद्म श्री अवॉर्ड मिला है. जिसमें भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का भी नाम शामिल है. रोहित, जिन्होंने 2007 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था,

## टी—20 विश्व कप: इन खिलाड़ियों ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के साथ—साथ जीते हैं खिताब

नईदिल्ली,। टी–20 विश्व कप के इतिहास में अब तक 2 भारतीय खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने हैं। जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली (2 बार) ऐसे भारतीय हैं, जिन्होंने ये मुकाम हासिल किया है। हालांकि, कोहली प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने (2014 और 2016) के दौरान खिताब नहीं जीत सके थे। इस बीच विश्व के उन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के साथ ही खिताब जीतने में भी सफलता हासिल की है।



इंग्लैंड क्रिकेट टीम पहली बार 2010 में विजेता बनी थी। पॉल कोलिंगवुड की कप्तानी में खेलते हुए इंग्लैंड ने फाइनल में 7 विकेट से ऑस्ट्रेलिया को हराया था। उस संस्करण में केविन पीटरसन का बल्ला खूब चला था। इस पूर्व आक्रामक बल्लेबाज ने 6 पारियों में 62.00 की औसत और 137.77 की स्ट्राइक रेट के साथ 248 रन बनाए थे। उन्होंने 73* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 2 अर्धशतक भी अपने नाम किए थे।

टी–20 विश्व कप 2021 में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने 7 मैच की 7 पारियों में 146.70 की स्ट्राइक रेट और 48.16 की औसत से 289 रन बनाए थे। इस बीच उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 89* रन था। फाइनल में उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 38 गेंदों में 53 रन बनाए थे। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने कीवी टीम को 8 विकेट से शिकस्त दी थी।

सैम कर्रन ने टी–20 विश्व कप 2022 में 6 मैचों में 11.38 की औसत और 6.52 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। वह टी–20 विश्व कप के किसी एक संस्करण में इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। उन्होंने फाइनल में सिर्फ 12 रन देकर 3 विकेट लिए थे। उस संस्करण के फाइनल में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया था।

## आलिया भट्ट की अमेजन प्राइम वीडियो के साथ अगली पेशकश, फिल्म डोंट बी शाय का ऐलान



आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है– डोंट बी शाय। यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आलिया ने अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर किया है। जानिए इस फिल्म में क्या खास है?आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है– डोंट बी शाय है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं– क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...। दरअसल, यह एक ऐसी कहानी जिसके साथ आप बड़े होते हैं। आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने, फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, अब तक की सबसे प्यारी घोषणा, एक फैन ने लिखा, आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है, दूसरे फैन ने लिखा, यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है,

## ये दिल आशिकाना सिनेमाघरों में फिर देगी दस्तक, ट्रेलर के साथ रिलीज तारीख जारी

वैलेंटाइन डे के मौके पर नई रिलीज फिल्मों के बीच 24 साल पहले आई रोमांटिक—एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ये दिल आशिकानाझ् भी फिरसे रिलीज होने को तैयार है। साल 2002 में रिलीज हुई 'ये दिल आशिकाना 13 फरवरी को री–रिलीज हो रही है। मेकर्स ने इसकी घोषणा की है और साथ ही री—रिलीज का ट्रेलर भी जारी कर दिया है।

टू एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड 'ये दिल आशिकाना् को 13 फरवरी को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करेगी। इस मौके पर फिल्म के निर्देशक कुकू कोहली ने कहा कि 'ये दिल आशिकानाझ् बड़े पर्दे के लिए ही बनी थी। इसका भव्य स्वरूप, संगीत, भावनाएं, सब कुछ सामूहिक रूप से सिनेमाघर में अनुभव करने के लिए ही बनाया गया था। मुझे सचमुच खुशी है कि नई पीढ़ी को इस फिल्म को उसी तरह देखने का मौका मिलेगा, जैसे 2002 में दर्शकों को मिला था।

## पाकिस्तान के मैच के बहिष्कार करने वाले ऐलान पर बीसीसीआई सख्त

नईदिल्ली, बीते रविवार को टी–20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच से पाकिस्तान ने हटने का ऐलान किया था। इसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पीसीबी को गंभीर नतीजों की चेतावनी दी थी। अब इस विवाद पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की प्रतिक्रिया सामने आई है। शुक्ला ने आईसीसी की चेतावनी का समर्थन किया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है।

आईसीसी पहले ही यह स्पष्ट कर चुका है कि पाकिस्तान को इस बड़े मैच का बॉयकॉट करने पर सजा के तौर पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ सकता है।



शुक्ला ने कहा, आईसीसी ने इस विषय पर एक बड़ा बयान जारी किया है। इसने खेल भावना के महत्व पर जोर दिया है। हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं। जब तक हम आईसीसी से बात नहीं कर लेते, बीसीसीआई कोई टिप्पणी नहीं करेगा।पीसीबी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए ऐलान किया था कि पाकिस्तानी टीम टी–20 विश्व कप में तो हिस्सा लेगी, लेकिन भारत के खिलाफ होने वाले ग्रुप मैच में नहीं खेलेगी। इस पर आईसीसी ने कहा था, आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले अहम और लंबे समय के असर पर विचार करेगा, क्योंकि इससे ग्लोबल क्रिकेट इकोसिस्टम पर असर पड़ने की संभावना है, जिसका वह खुद एक सदस्य और लाभार्थी है।आईसीसी ने टी–20 विश्व कप को सफलतापूर्वक आयोजित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई थी। क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने आगे कहा, आईसीसी की प्राथमिकता टी–20 विश्व कप को सफलतापूर्वक आयोजित करना है, जो पीसीबी सहित इसके सभी सदस्यों की भी जिम्मेदारी होनी चाहिए।

## एक नजर

### माही व वंश ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : हरिद्वार में हुई ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रतियोगिता में एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा माही व वंश ने गोल्ड मेडल जीता है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर शिक्षकों व अभिभावकों ने खुशी व्यक्त की है। हरिद्वार में ताइक्वांडो फेडरेशन आफ इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा माही ने जूनियर अंडर-40 किलोग्राम वर्ग में और कक्षा सात के छात्र वंश ने फ्रेशर में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चंद्र कोठारी ने बताया कि विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दौरान अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षा निदेशिका सिंधु कोठारी, विपिन जदली, मयंक प्रकाश कोठारी, सुनीता नैथानी, नितिश कुमार, अतुल बडोला, शांति गुसाईं, पुष्पा केष्टवाल आदि मौजूद रहे।

### विराट हिन्दू सम्मेलन 8 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : हिन्दू सम्मेलन समिति के तत्वाधान में 8 फ़रवरी 2026 रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन कोटद्वार के कुम्भीचौड तथा रामलीला मेदान में किया जायेगा। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख अरविन्द दुदपुड़ी ने दी।

वहीं दूसरी ओर रामलीला मैदान झंडीचौड में हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन 8 फरवरी को किया जायेगा, जिसमें समिति द्वारा सभी को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया है।

### यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल क्षत्रिय समिति ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव खत्म करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के बनाए गए नियम-2026 का विरोध किया है। कहा कि इस नियम को तुरंत वापस लिया जाना जरूरी है। कहा कि यूजीसी लागू होने से सामान्य वर्ग के छात्रों में भय बना हुआ है।

समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि इस नए नियम के लागू होने से सामान्य वर्ग के छात्र विवि में प्रवेश लेने में संकोच करेंगे। कहा कि यह नियम केवल सामान्य वर्ग के छात्रों के ही विरुद्ध कार्रवाई करेगा।

साथ ही इस नियम के लागू होने से सामान्य वर्ग के छात्रों को झूठे केस में फंसाए जाने की भी पूरी आशंका बनी हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस नए नियम को शीघ्र वापस लेने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सभापति जगदीश सिंह बिष्ट, मंत्री मोहन सिंह रावत आदि शामिल रहे।

### संस्कृत के उत्थान के लिए बनेगी योजना

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड की देवभूमि में संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा को नई ऊंचाई देने के लिए दो प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों ने हाथ मिलाया है। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने हाल ही में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. रमाकांत पांडेय से भेंट की।

# चौराहे में भर रहे सवारियां, हादसों का अंदेशा



कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत नगर के मुख्य चौराहे नजीबाबाद चौक में सवारी भरते मैक्स वाहन चालक

### कोटद्वार नजीबाबाद चौराह के समीप सड़क पर बनी है अव्यवस्था

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार के नजीबाबाद चौराहे में अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। हालत यह है कि नजीबाबाद के लिए संचालित होने वाले मैक्स वाहन चालक नियमों को ताक पर रख बीच चौराहे पर ही वाहनों को खड़ा कर सवारियां भर रहे हैं। जिससे हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। अव्यवस्था के कारण चौराहे पर जाम की स्थिति भी बनी रहती है।

कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य प्रतिदिन कई मैक्स वाहनों का संचालन होता है। लेकिन, यह वाहन नगर के मुख्य चौराहे के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। दरअसल, वाहन चालक राजकीय इंटर कालेज के बाहर चौराहे के समीप ही अपने वाहनों में सवारियां भरते है। ऐसे में पैदल चलने वालों को पर्याप्त मार्ग नहीं मिल पाता। जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। चौराहे में जाम का मुख्य कारण भी यह वाहन ही हैं। वाहन चालकों की मनमानी देखने के बाद भी परिवहन विभाग व पुलिस प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि अधिक सवारियां भरने की होड़ में अकसर यह वाहन चालक नियमों को भी ताक पर रख देते हैं। इतना ही नहीं, इन वाहनों में कई बार क्षमता से अधिक सवारी देखी जा सकती हैं। ऐसे में दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना हुआ है। पूर्व में ओवरलोडिंग के कारण कोटद्वार-नजीबाबाद के मध्य कई हादसे हो चुके हैं। ऐसे में वाहन चालकों की लापरवाही कब किसकी जिंदगी पर भारी पड़ जाए, कहा नहीं जा सकता।

**लापरवाह बना सिस्टम**

मैक्स वाहनों की लापरवाही को देखने के बाद भी जिम्मेदार सिस्टम लापरवाह बना रहता है। चौराहे में पुलिस कर्मियों की तैनाती के बाद भी वह कोई सख्ती नहीं दिखाते।

स्कूल के बाहर गेट पर फैली अव्यवस्था से सबसे अधिक खतरा स्कूली बच्चों को बना रहता है। पूर्व में शहरवासियों ने व्यवस्था में सुधारने के लिए पुलिस व प्रशासन को भी ज्ञापन दिया, लेकिन समस्या को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का करें पालन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत परिवहन विभाग ने आईएचएमएस इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर शहर में यातायात जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन का संकल्प लिया।बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर से निकाली गई रैली को महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शशि दूबे के नेतृत्व में रैली देवी रोड से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों में पहुंची। स्कूटी व मोटर साइकिल में सवार विद्यार्थियों ने शहरवासियों को यातायात के प्रति जागरूक किया। इससे पूर्व आईएचएमएस में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें परिवहन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को यातायात के बारे में जानकारी दी। कहा कि लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। जरा सी लापरवाही हमारे साथ ही सड़क पर चलने वाले व्यक्ति के जीवन पर भारी पड़ सकती है। इस मौके पर परिवहन कर अधिकारी जयंत वशिष्ठ, बीएस गुसाई, अश्विनी शर्मा, अजय रावत, प्रवीन त्रिपाठी, नरेश थपालियाल, सुशील कुमार, विजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# रिया व सृष्टि का नार्थ जोन रग्बी प्रतियोगिता में हुआ चयन




रग्बी की नार्थ जोन टीम के लिए चयनित कोटद्वार के हेरिटेज एकेडमी की छात्राएं रिया व सृष्टि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत हेरिटेज एकेडमी की छात्रा रिया व सृष्टि का चयन नार्थ जोन रग्बी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इससे पूर्व में एकेडमी के छात्र विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर एकेडमी व क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं।

कोच साहिल नेगी ने बताया कि एक फरवरी को रूड़की में अस्मिता नार्थ जोन रग्बी ट्रायल हुआ, जिसमें राज्य के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में हेरिटेज एकेडमी की दस छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एकेडमी की रिया कटारिया का अंडर-15 और सृष्टि का अंडर-18 नार्थ जोन की टीम में चयन हुआ है।

इससे पूर्व 16 से 21 जनवरी को ओडिश के भुवनेश्वर में भी सब जूनियर रग्बी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एकेडमी के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया था। पूर्व में भी एकेडमी के बच्चे कई प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

# पुलिस की सख्ती, सीमा पर चलाया तलाशी अभियान



कोटद्वार के कौड़िया चैक पोस्ट पर वाहनों की तलाशी करती पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पटेल मार्ग स्थित एक दुकान का नाम बलदने को लेकर हुए विवाद के बाद कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सख्ती से काम कर रही है। पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित कौड़िया चैक पोस्ट पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध लोगों के आधार कार्ड भी चेक किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सोशल मीडिया पर भी अपनी नजर बनाए हुए है।

मालूम हो कि, कुछ दिन पूर्व एक मुस्लिम बुजुर्ग की दुकान के नाम को लेकर कुछ संगठनों ने विरोध किया था। जिसके बाद एक युवक ने मुस्लिम बुजुर्ग का बचाव किया। इसके बाद बड़ी संख्या में बाहरी क्षेत्रों से विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्त्ता कोटद्वार पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने युवक दीपक के जिम में भी घुसने का प्रयास किया। लेकिन, मौके पर तैनात पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत करवाया। इधर, इंटरनेट मीडिया पर लगातार मामला गरमाता जा रहा था। विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता कोटद्वार पहुंच रहे थे, जिससे शहर में शांति व्यवस्था बिगड़ने का खतरा बना हुआ था। ऐसे में पुलिस ने शहर में कानून व्यवस्था बनाने के लिए उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित कौड़िया चैक पोस्ट पर सख्ती दिखाना शुरु कर दिया। उत्तर प्रदेश की ओर से आने वाले हर वाहन की तलाशी ली जा रही थी। साथ ही वाहन में सवार लोगों से भी पूछताछ की जा रही थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने बताया कि शहर में कानून व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इंटरनेट मीडिया पर भी पुलिस की निगरानी है। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई करें प्रशासन



कोटद्वार तहसील में तहसीलदार को ज्ञापन देते हिंदू संगठनों से जुड़े युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार में दुकान का नाम बदलने को लेकर हुए विवाद के मामले में हिंदू संगठनों ने कुछ बाहरी लोगों पर माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। संगठनों ने प्रशासन से ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई।

मंगलवार को संगठनों से जुड़े युवा तहसील परिसर में पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन दिया। कहा कि कुछ दिन पूर्व पटेल मार्ग में दुकान का नाम बदलने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद मामले से जुड़े युवक को समर्थन देने के नाम पर कई संदिग्ध लोग शहर में प्रवेश कर रहे हैं।

कई लोग ऐसे हैं जो देश की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर इसके कई विवादित वीडियो भी जारी होते रहे हैं। ऐसे लोगों के शहर में प्रवेश करने से कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कहा कि पुलिस व प्रशासन को ऐसे लोगों को चिह्नित कर इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। हिंदू संगठनों ने शहर में बाहरी राज्यों से काम की तलाश में आने वाले व्यक्तियों का भी सत्यापन करवाने की मांग उठाई।

कहा कि यदि यह व्यक्ति किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम देते हैं तो पुलिस के हाथ खाली ही रहेंगे। इस मौके पर सिद्धार्थ रावत, शुभम रावत, सौरभ नौडियाल, राहुल आदि मौजूद रहे।

### हिंदुत्व किसी के धर्मांतरण का पक्षधर नहीं

श्रीनगर गढ़वाल : श्री रघुनाथ सनातन धर्म समिति की पहल पर हिंदू सम्मेलन में सनातन संस्कृति की उदारता और वैश्विक शांति का शंखनाद हुआ। श्री रघुनाथ मंदिर के प्रांगण में जुटे संतों और प्रबुद्ध वक्ताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि हिंदुत्व किसी के धर्मांतरण का पक्षधर नहीं है बल्कि यह वह विराट चेतना है। कृष्ण प्रणामी आश्रम के महंत विशुद्धानंद महाराज ने कहा कि हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य किसी का विरोध करना नही, बल्कि विश्व में शांति की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि हम धर्मांतरण में विश्वास नहीं रखते, शांति प्रिय होना हमारा स्वभाव है और हिंदू हमारी पहचान। प्रांत पर्यावरण संयोजक चंदन ने कहा कि प्रकृति की पूजा हमारे जीवन का आधार है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाईसेन्स संख्या MP07R-2021-0093796 में मेरा नाम RAJENDRA RAVAT तथा मेरे पिता का नाम SAJJAN SINGH RAWAT अंकित हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरा सही नाम राजेन्द्र सिंह रावत RAJENDER SINGH RAWAT तथा मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम सज्जन सिंह SAJJAN SINGH है, जो कि सही एवं सत्य है। अतः मेरे ड्राईविंग लाईसेन्स में मेरा सही नाम राजेन्द्र सिंह रावत RAJENDER SINGH RAWAT तथा मेरे पिता का सही नाम सज्जन सिंह SAJJAN SINGH दर्ज किया जाय।

**राजेन्द्र सिंह रावत पुत्र सज्जन सिंह निवासी सजवान कॉलोनी, वार्ड नं0 33, विलेज हल्दूखाता मल्ला, पोस्ट कलालघाटी, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1574/21)

## जिला न्यायालय परिसर, पौड़ी गढ़वाल।

दूरभाष संख्या 01368-221815 dlsapauri@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या 01/जि.वि.से.प्रा. पौड़ी/2026-27 दिनांकः– 03/02/2026

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस काउन्सल सिस्टम (LADCS) के कार्यालय हेतु मा0 उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्रांक सं0 116/ यू0के0एस0एल0एस0ए0 / 2025-26 दिनांकित 12 जनवरी 2026, के द्वारा दूरस्थ न्यायालय हेतु 01 अतिरिक्त Deputy Legal Aid Defense Counsel पद पर भर्ती की जानी है–

**पद का विवरण**

| क. स. | पदनाम | पद की संख्या | वेतन | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Deputy Legal Aid Defense Counsel, | 01 | 50,000/- | 1- Practice in criminal law for at least 7 years,<br>2- Excellent understanding of criminal law,<br>3- Excellent oral and written communication skills,<br>4- Skill in legal research, Through understanding of ethical duties of defense counsel, Ability to work effectively and efficiently with others, Must have handled at least 20 criminal trials in Sessions Courts, may be relaxed in exceptional circumstances, by Hon'ble executive Chairman, SLSA<br>5- IT Knowledge with proficiency in work. |

इच्छुक अधिवक्ता द्वारा अपना पूर्ण रूप से भरा आवेदन पत्र समस्त वांछित अर्हताओं के स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर पौड़ी गढ़वाल में भौतिक रूप से या पंजिकृत डाक के माध्यम से दिनांक 16.02.2026 की सांय 05.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर दिया जा सकता है। तत्पश्चात् किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र जनपद न्यायालय, पौड़ी गढ़वाल की उक्त ऑफिसियल वेबसाईट https://paurigarhwal.dcourts.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

नोट-

1- चयन सम्बन्धी समस्त सूचना जनपद न्यायालय, पौड़ी गढवाल की उक्त ऑफिसियल वेबसाईट के माध्यम से दी जाएगी।

2- Deputy Legal Aid Defense Counsel का कार्य पूर्ण कालिक होने के कारण चयनित विधि व्यवसायी निजी विधि व्यवसाय अथवा परामर्श का कार्य करने के लिये प्रतिबन्धित होगा।

**सिविल जज (सी0डि0)/सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**पौड़ी गढ़वाल**

(1572/21)

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
## जिला न्यायालय परिसर, पौड़ी गढ़वाल।

दूरभाष संख्या 01368-221815 dlsapauri@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या 01/जि.वि.से.प्रा.पौड़ी / चयन पी.एल.वी./2026-27 दिनांकः- 03/02/2026

माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्रांक संख्या 2668/यू0के0एस0एल0एस0ए0/2025 दिनांकित 04 दिसम्बर 2025 के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के लिए, जनपद पौड़ी के विभिन्न विकास खण्ड क्षेत्रों में कार्य करने हेतु अधिकार मित्र/पराविधिक स्वयंसेवी (P.L.V) चयनित किये जाने है। जिसके लिये अर्हता निम्न प्रकार है -

1- कम से कम मैट्रिक (10th) पास हों, भूतपूर्व सैनिक, सेवा निवृत्त शिक्षक, सेवा निवृत्त सरकारी कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, एम0एस0डब्लू0 छात्र और शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर/चिकित्सक, विधि के छात्र, गैर राजनीतिक, सेवा उन्मुख गैर सरकारी संगठनों और क्लबों के सदस्य, स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमाधारी, कम्प्यूटर ज्ञान रखने व समाज सेवा के अनुभव वाले आवेदक को वरीयता दी जायेगी।
2- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सौंपे गये/बताये गये कार्यों के लिए पर्याप्त व पूर्ण समय दे सकें।
3- अभ्यर्थी के द्वारा जिस विकास खण्ड से आवेदन किया जा रहा हों, उसमें ही स्थायी रूप से वर्तमान में भी रह रहें हों।
4- अभ्यर्थी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका/चुकी हो (30 वर्ष से अधिक उम्र वाले, समाज सेवी व परिपक्व व्यक्ति को वरीयता दी जायेगी)।

नोट-

अधिकार मित्र/पराविधिक स्वयंसेवी (P.L.V) के रूप में चयन किसी राजकीय सेवा के सापेक्ष चयन नहीं है और न ही इसके लिए कोई वेतन, परितोष, पारिश्रमिक भुगतान किया जायेगा। अधिकार मित्र/पराविधिक स्वयंसेवी (P.L.V) के द्वारा एक दिन में किये गये कार्य के सापेक्ष 750/-रू0 (सात सौ पचास रूपये मात्र) के मानदेय का भुगतान आवश्यक सत्यापन के पश्चात किया जायेगा। इसलिए जो व्यक्ति समाज सेवा की प्रबल इच्छा रखते हों, वहीं व्यक्ति आवेदन करें। रोजगार के उद्देश्य से कोई भी व्यक्ति आवेदन न करें। जिला मुख्यालय से दूरस्थ स्थित विकास खण्डों के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। आवश्यकता पड़ने पर चयन समिति के द्वारा पराविधिक स्वयंसेवियों के चयन हेतु साक्षात्कार लिया जा सकता है, जिसकी तिथि की सूचना अभ्यर्थीगण को पृथक से दी जायेगी।

इच्छुक व अर्ह अभ्यर्थी नीचे दिये गये निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र, प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति व अपना पता लिखा हुआ 50-50 रू0 के डाक टिकट चस्पा किये हुये दो लिफाफों सहित दिनांक 18/02/2026 की सांय 5:00 बजे तक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, पौड़ी गढ़वाल के पते पर डाक द्वारा या दस्ती जमा कर सकते है।

**अधिकार मित्र/पराविधिक स्वयंसेवी (P.L.V) के चयन हेतु आवेदन पत्र**

विज्ञप्ति सं0 01/जि.वि.से.प्रा. पौड़ी चयन अधिकार मित्र/ पी.एल.वी./2026-27, दिनांकित 03/02/2026 के क्रम में निर्धारित प्रारूप में प्रार्थी/प्रार्थिनी का आवेदन पत्र निम्नतः प्रस्तुत है-

अभ्यर्थी की स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज की फोटग्राफ

1- अभ्यर्थी/अभ्यर्थनी का नाम (हिन्दी में)..............................
(अंग्रेजी कैपिटल लैटर में)..............................
2- पिता/पति का नाम..............................
3- स्थाई पता..............................वि0ख0..............................तहसील..............................
जिला..............................
4- वर्तमान पता..............................
5- जन्मतिथि.............................. (DD-MM-YYYY) उम्र..............................
6- लिंग- पुरूष/महिला/अन्य, कृपया सही का निशान लगायें ✔
7- जाति..............................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8- मोबाईल नम्बर..............................
9- ई-मेल आई0डी एवं व्हाट्सअप नम्बर (यदि कोई हो)..............................
10- आधार संख्या ..............................(स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)
11- शैक्षिक योग्यता..............................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
12- वर्तमान पेशा/कार्य..............................
13- अनुभव यदि कोई हो तो..............................(प्रमाण संलग्न करें)

**घोषणा :** यह कि मैं, निःस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर वर्गो, गरीबों, पिछड़ो व महिलाओं तक निःशुल्क कानूनी जानकारी पहुँचाने हेतु समर्पित भाव व स्वेच्छा से अधिकार मित्र/पराविधिक स्वयंसेवी (P.L.V) के रूप में कार्य करने का/की इच्छुक हूँ। यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरे गये समस्त विवरण मेरी जानकारी व विश्वास में पूर्ण एवं सत्य हैं, यदि कोई सूचना असत्य, अपूर्ण या छुपाई गयी पायी जाती है, तो मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये तथा मैं कानूनी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी रहूगा/रहूगीं।

**दिनांक :** **प्रार्थी/प्रार्थिनी के हस्ताक्षर**

**सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,**
**पौड़ी गढ़वाल।**

(1573/21)


# गले की एलर्जी और संक्रमण की चपेट में आ रहे लोग

श्रीनगर गढ़वाल : मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव का सीधा असर अब लोगों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। बुखार और वायरल संक्रमण से उबरने के बाद बड़ी संख्या में लोग अब गले की एलर्जी और संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। श्रीनगर उपजिला चिकित्सालय में इन दिनों बुखार ठीक होने के बाद गले में तेज दर्द, सूजन और जलन की शिकायत लेकर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पताल पहुंच रहे मरीजों में गले में दर्द, आवाज भारी होना, बोलने में परेशानी और खाने-पीने में दिक्कत हो रही है। कई मरीजों की स्थिति इतनी गंभीर है कि उन्हें पानी तक निगलने में परेशानी हो रही है जिससे कमजोरी बढ़ रही है। उपजिला चिकित्सालय के नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. दिगपाल दत्त ने बताया कि प्रतिदिन 8 से 10 मरीज केवल गले की एलर्जी और संक्रमण की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश मरीजों में पहले तेज बुखार, सर्दी और खांसी की समस्या और फिर गले की तकलीफ शुरू हो रही है। डॉ. दत्त के अनुसार, यह समस्या विशेष रूप से 15 से 20 आयु वर्ग और 40 से अधिक आयु के लोगों में ज्यादा देखने को मिल रही है। इनमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं। कई मामलों में मरीजों को तेज खांसी के साथ-साथ आवाज में बदलाव और बोलने में दर्द की शिकायत भी हो रही है। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में वायरल संक्रमण के बाद गले की अनदेखी करना नुकसानदायक हो सकता है। समय पर उपचार न मिलने पर संक्रमण बढ़ सकता है और लंबे समय तक परेशानी बनी रह सकती है।

### गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : जनचेतना समिति नकोटगूंठ रावतस्यूं ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर गुलदार की दहशत से सुरक्षा के इंतजाम की गुहार लगाई है। वन पंचायत दिगोली के सरपंच मनमोहन सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने बताया कि गुलदार की दहशत के कारण महिलाओं का अपने पशुओं के लिए चारापती लेने जंगल जाना मुश्किल हो चुका है। जबकि गुलदार के डर से खेतों में भी नहीं जा पा रहे है। मनमोहन सिंह ने बताया कि तीन गुलदार विगत काफी दिनों से गांव के आस पास देखे जा रहे हैं। अब तक कई पशुओं को अपना शिकार बना चुका हैं। जबकि गुलदार लोगों पर भी हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की गई लेकिन कोई समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। वन पंचायत ने मुख्यमंत्री से क्षेत्र में पिंजरा लगाने और वन विभाग के कर्मियों की नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है। (एजेंसी)


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद-244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं0 | माल का विवरण | मात्रा (मीटर में) | बयाना राशि | अनुमानित मूल्य रु. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 97265058 | 1. 1100v ग्रेड एल.टी. एरियल बंच केबल की आपूर्ति, आकार 3X120+1x95+1x16 वर्ग मिमी (फेज वायर + मैसेंजर-कम-न्यूट्रल वायर + स्ट्रीट लाइट वायर), एल्युमिनियम फेज/स्ट्रीट लाइट कंडक्टर, एक्सएलपीई इन्सुलेशन के साथ, आईएस 8130/1984 के अनुरूप, एल्युमिनियम मिश्र धातु बेयर मैसेंजर, आईएस 398 (भाग-IV)/1979 के अनुरूप, और एरियल बंच केबल, आईएस-14255/1995 के अनुरूप, नवीनतम संशोधनों सहित (यदि कोई हो)। अन्य तकनीकी विनिर्देश अनुलग्नक-ए के अनुसार होने चाहिए। | 8700 मीटर | 1,46,170.00 | 73,08,330.00 | 25.02.2026 11:00 AM |
| | | 2. आईएसआई प्रमाणित 1100v ग्रेड एल.टी. एरियल बंच केबल, साइज 3X95+1x70+1x16 वर्ग मिमी (फेज वायर + मैसेंजर-कम-न्यूट्रल वायर + स्ट्रीट लाइट वायर), एल्युमिनियम फेज/स्ट्रीट लाइट कंडक्टर, एक्सएलपीई इन्सुलेशन के साथ, आईएस 8130/1984 के अनुरूप, एल्युमिनियम मिश्र धातु बेयर मैसेंजर, आईएस 398 (भाग-IV)/1979 के अनुरूप, और एरियल बंच केबल, आईएस-14255/1995 के अनुरूप, नवीनतम संशोधनों सहित (यदि कोई हो) विनिर्देशों के अनुरूप अन्य तकनीकी विनिर्देश अनुलग्नक-ए के अनुसार होने चाहिए। | 9190 मीटर | | | |
| | कुल मात्रा | | 17,890 मीटर | | | |

नोट: पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध हैं। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त करना होगा। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

No. 50-S/LP/2026 Dated: 02.02.2026 383/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### आओ उत्तराखंड को जानें अभियान किया संचालित

कोटद्वार। विकासखंड की खंड शिक्षा अधिकारी पूजा नेगी की अभिनव पहल पर कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए आओ उत्तराखंड को जानें अभियान संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में उत्तराखंड से संबंधित ज्ञान बढ़ाना और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को सशक्त करना है। पिछले साल अप्रैल से नवंबर तक चले अभियान के तहत प्रत्येक माह उत्तराखंड से जुड़े प्रश्न विद्यालयों को भेजे गए। कुल 871 प्रश्नों को छात्रों ने विशेष नोटबुक में संकलित कर याद किया।

अभियान के शैक्षणिक मूल्यांकन को इस साल जनवरी में विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 84 छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता छात्रों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर खंड शिक्षा अधिकारी पूजा नेगी व प्रधानाचार्य लक्ष्मी प्रसाद बधानी ने सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी पूजा नेगी ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक नवाचार छात्रों की प्रतिभा निखारने में सहायक है और भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

### खाद्य श्रृंखला व पर्यावरण को बचाने के लिए एकजुट होना जरूरी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जैव विविधता संवर्द्धन एवं पर्यावरण जागरूकता पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) चड़ीगांव की ओर से गतिविधि पुस्तिका तैयार की जाएगी।

मंगलवार को संपन्न हुई कार्यशाला में प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीएस लिंगवाल ने बताया कि जैव विविधता पार्क की स्थापना के लिए संस्थान की ओर से चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने वर्तमान समय में बिगड़ती खाद्य श्रृंखला पर चिंता जताई। कहा कि इसी के चलते मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहे हैं।

राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष जयदीप रावत ने खाद्य श्रृंखला व पर्यावरण को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। वन दरोगा अरविंद रावत ने वनों के संरक्षण की वैज्ञानिक जानकारियां दी। वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. एनपी उनियाल ने लगातार कम हो रहे जंगलों की स्थिति पर चिंता जताई। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रमोद नौडियाल, लक्ष्मी प्रसाद मैठाणी, वीरेंद्र खांकरियल, विलेश्वर सिंह, दीवान सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों पर लगाया जानकारी नहीं देने का आरोप

उत्तरकाशी। डुंडा विकासखंड कार्यालय में आयोजित बीडीसी बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने अधिकारियों पर जानकारी न देने और उनकी बातों को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया। कहा कि किसी भी समस्या के समाधान और योजनाओं के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी जाती है। डुंडा विकासखंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख राजदीप परमार की अध्यक्षता और डीएम प्रशांत आर्य की मौजदूगी में बीडीसी बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रनिधियों ने अपनी सड़क, सिंचाई नहरें और बिजली सहित पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ न मिलने की समस्याओं को उठाया। ऊर्जा निगम की ओर से ढुंगालधार में लगाए पोल की स्थिति न सुधारने पर बीडीसी सदस्य पृथ्वीपाल मटूड़ा और अधिशासी अभियंता के बीच बातचीत में गहमागहमी देखने को मिली। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पैणी भवान में सरकारी स्कूल के समीप लगे बिजली के पोल को नहीं हटाया गया है। इसलिए वहां पर कभी भी बड़ी दुघर्टना हो सकती है। बड़ेथ क्षेत्र पंचायत शीतल बिष्ट ने कहा कि उनके करीब छह गांव की मुख्य सिंचाई नहर का वर्षों से निर्माण नहीं हो पाया है। विभाग की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई।

### पशु सखियों को मोबाइल फोन किए वितरित

उत्तरकाशी। आकांक्षी ब्लाक मोरी में मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने नीति आयोग की ओर से संचालित संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पशु सखियों को पशु सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए स्मार्ट मोबाइल फोन भी वितरित किए। सीडीओ जय भारत ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी तीन महीनों में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं पशुपालन विभाग से संबंधित संकेतकों को शत प्रतिशत संतृप्ति तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख रणदेव राणा, मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा, खंड विकास अधिकारी शशी भूषण बिंजोला, कनिष्ठ प्रमुख कमलेश रावत आदि थे।

# बीडीसी की बैठक में छाई रही मूलभूत समस्याएं



जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : दुगड्डा की क्षेत्र पंचायत बैठक में मूलभूत समस्याएं छाई रही। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान जन प्रतिनिधियों को जल्द समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया।

साझासैण स्थित ब्लाक मुख्यालय के सभागार में ब्लाक प्रमुख सूरज नेगी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पिछले बैठक में प्रस्तावित विकास कार्यों के अनुमोदन से हुई। ग्राम प्रधान रश्मि थपलियाल, राजेश काला, वारिश अहमद, सुमन बिष्ट ने जल जीवन मिशन के तहत बिछाए जा रहे पाइप लाइनों का मुद्दा उठाया। कहा कि वर्तमान में पाइप लाइनों को मानकों के अनुरूप नहीं बिछाया जा रहा है, जिससे भविष्य में पाइप लाइनों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने विभागीय कार्यों की जांच की मांग की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य जयपाल सिंह ने समस्त ग्रामीणों को पानी के कनेक्शन न दिए जाने पर आक्रोश जताया। कहा कि सभी ग्रामीणों को पानी के कनेक्शन दिए जाए।

ग्राम प्रधान संगीता ने बीडीसी बैठक में अधिकारियों के न पहुंचने का मुद्दा उठाया। कहा कि अधिकारियों के न पहुंचने से शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाता है। कहा कि बीडीसी बैठकों में सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। जिला पंचायत सदस्य सीमा भंडारी व ग्राम प्रधान रजनी देवी ने दुगड्डा नगर पालिका क्षेत्र में नदी में तटबंधों के आगे से तटबंध बनाए जाने पर आपत्ति दर्ज की। कहा कि इस प्रकार के निर्माण से नदी का प्रवाह दूसरी तरफ जा रहा है, जिससे गोदी छोटी, सरड़ा सकाली व ऐता के गांवों के काश्तकारों की कृषि भूमि के कटाव का खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रधान मंजू नेगी ने पौखाल क्षेत्र में सड़क के किनारे नालियों के क्षतिग्रस्त होने का मुद्दा उठाया, कहा कि नालियों से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे आम जन का चलना मुश्किल हो रहा है। ग्राम प्रधान किरन देवी चौकीसार-सीला-चुंडई मोटर का मुद्दा उठाते हुए, कहा कि यह मोटर मार्ग वर्तमान में खस्ताहाल हो रखा है, कहा कि इस मोटर मार्ग का डामरीकरण करवाया जाना जरूरी है। ग्राम प्रधान राजेश मोहन कुकरेती ने वन्य जीवों के आतंक का मुद्दा उठाया, कहा कि क्षेत्र में आए दिन गुलदार, भालू का आंतक बना हुआ है। उन्होंने वन्य जीवों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी बीडी रतूड़ी, ज्येष्ठ प्रमुख सुनील सिंह, कनिष्ठ प्रमुख आरती काला, एडीपीआरओ पंचायतीराज प्रदीप सुंद्रियाल मौजूद रहे।

### प्रो. सेमवाल को मिली नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में छात्र-छात्राओं के लिए समाज कल्याण विभाग के ओर से दी जाने वाले निःशुल्क कोचिंग का लाभ दिलाने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश के दिशा-निर्देशन पर कुलसचिव अनीज-उज-जमाल के अनुमोदन उपरांत कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि व्यापार प्रबंधन विभाग के प्रो. महेंद्र बाबू को उप-नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वानिकी विज्ञान विभाग के प्रो. मुनीश कुमार, फार्मास्टिकल विभाग डॉ. राम कुमार साहू, व्यापार प्रबंधन के डॉ. सुरेंद्र कुमार मीणा, हिमालय एक्वेटिक बायोडायवर्सिटी के डॉ. जसपाल सिंह चौहान, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. विनीत कुमार मौर्य, दर्शनशास्त्र विभाग की डॉ. कविता भट्ट, जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. आनंद कुमार, संस्कृत विभाग के डॉ. बालकृष्ण बधानी और शिक्षा विभाग के डॉ. सिद्धार्थ लोहानी को कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। (एजेंसी)

# प्रतियोगिताओं में बीएड प्रशिक्षुओं ने दिखाई प्रतिभा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) चड़ीगांव में राष्ट्रीय जनसंख्या कायक्रम के तहत बीएड प्रशिक्षुओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव व बचाव, किशोरावस्था की चुनौतियां, पर्यावरण संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

डाइट परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर ने किया। पोस्टर विधा के अंतर्गत संतुलित आहार विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में गंगोत्री व नीलकंठ सदन की टीमों ने संयुक्त रूप से प्रथम, हिमालय व शिवालिक सदन द्वितीय जबकि त्रिशूल व अरावली सदन तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोल प्ले प्रतियोगिता के तहत उपभोक्ता जागरूकता विषय में अरावली व त्रिशूल सदन प्रथम, हिमालय व शिवालिक सदन को द्वितीय, गंगोत्री व नीलकंठ सदन तृतीय स्थान पर रहे। लोकनृत्य में हिमालय व शिवालिक सदन ने पहला, गंगोत्री व नीलकंठ सदन ने दूसरा, अरावली व त्रिशूल सदन ने तीसरा स्थान पाया। जबकि विभिन्न विषयों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में अंबिका रावत ने पहला, अरुण तनवर ने दूसरा और सर्वेंद्र सिंह ने तीसरा स्थान पाया। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक प्रमोद नौडियाल, डॉ. अरविंद सिंह, अनुजा मैठाणी, विनय किमोठी आदि मौजूद रहे।

# उत्तरकाशी के मरीजों को राहत देने लाई मशीन खुद हुई बीमार

उत्तरकाशी। जिला अस्पताल में करीब आठ वर्ष पूर्व पथरी के इलाज के लिए लाई गई मशीन का संचालन नहीं होने के कारण अब वह चलन से बाहर हो गई है। ऐसे में अस्पताल में पथरी के मरीजों को उचित उपचार नहीं मिलने के कारण उन्हें देहरादून से ऋषिकेश की की 190 से 250 किमी की दूरी तय करनी पड़ रही है। वर्ष 2019 में जिला अस्पताल की ओर से तीन करोड़ की लागत से लेजर पद्धति से किडनी स्टोन के इलाज के लिए लिथोट्रिप्सी मशीन खरीदी गई थी। अस्पताल में मशीन की स्थापना से गंभीर किडनी स्टोन से पीड़ित मरीजों में बेहतर उपचार की उम्मीद जगी थी लेकिन मशीन के संचालन को स्पेशलिस्ट डॉक्टर ही तैनात नहीं हो पाया। इसके चलते आज भी किडनी स्टोन के गंभीर मरीजों को पथरी के ऑपरेशन के लिए हायर सेंटर की दौड़ लगानी पड़ती है। अब स्थिति ये हो गई है कि मशीन का प्रयोग न होने के कारण इसके कई पार्ट्स खराब हो गए हैं। आज तक अस्पताल प्रबंधन की ओर से इसके प्रयोग के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष व यूकेडी नेता विष्णुपाल सिंह रावत का कहना है कि उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में लीथोट्रिप्सी मशीन तो उपलब्ध करवाई लेकिन मशीन का रखरखाव एवं ऑपरेटर के अभाव के कारण आज यह करोड़ों की मशीन मरीजों के काम नहीं आ रही। इस संबंध में सीएमएस डॉ. पीएस पोखरियाल का कहना है कि जिला अस्पताल में मशीन को ऑपरेट करने के लिए सर्जन डॉक्टर नहीं है। मशीन को स्थापित हुए कई साल हो गए हैं और अब यह पुरानी हो चुकी है।

# तहसील दिवस में डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को श्रीनगर तहसील में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने की। इस दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही अथवा शीघ्र समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है, जिससे समस्याओं का स्थायी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। साथ ही कहा कि छोटी-छोटी आवश्यकताओं को जिला योजना में सम्मिलित कर कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाय। जिलाधिकारी ने बताया कि सेमला गांव में पेयजल समस्या से संबंधित



शिकायत पर जल निगम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा तथा तकनीकी समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। वहीं नकोट गांव में जल भंडारण टैंक की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। देहलचौरी रोड पर क्षतिग्रस्त पुश्ते एवं स्कपर से जुड़ी शिकायत पर उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत एवं सुधार कार्य की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवश्यकता वाले स्थानों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और पार्षदों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बताया कि सीवर लाइन का पानी सड़कों पर बहने की शिकायत पर नगर निगम द्वारा सुधारात्मक कार्य शुरू किए जाएंगे तथा निर्माण सामग्री एवं मलबा सड़कों पर रखे जाने की शिकायत पर पुलिस द्वारा निरंतर निगरानी एवं चालानी कार्रवाई की जाएगी। धारी देवी पहुंच मार्ग पर सुरक्षा कार्यों को लेकर प्राप्त शिकायत पर जिलाधिकारी ने बताया कि संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जा रहा है तथा आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही धारी देवी क्षेत्र में जाम की समस्या के समाधान हेतु वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धारी देवी क्षेत्र में स्थायी पार्किंग का निर्माण मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित है। साथ ही क्षेत्र के सौंदर्यीकरण कार्य प्रक्रियाधीन हैं, जिनमें विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करना, लाइटिंग तथा रोड साइनेज से संबंधित कार्य शामिल हैं। अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने बताया कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है, जिनमें अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया है, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई जारी है और प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। इस अवसर पर डीएफओ गढ़वाल महातिम यादव, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, उपजिलाधिकारी नूपुर वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा, अधिशासी अभियंता एनएच राजीव चौहान, जिला बाल विकास अधिकारी देवेंद्र थपलियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित सिंह, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई मुकेश दत्त, जिला शिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी, सहायक निबंधक सहकारिता सौरभ कुमार, एडीपीआरओ प्रदीप सुंदरियाल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# निजी भूमि पर बिना अनुमति के कर दिया पेयजल योजना का निर्माण

कोटद्वार। दुगड्डा विकासखंड के मटियाली गांव में उत्तराखंड पेयजल निगम की ओर से भूस्वामी को बताए बिना पंपिंग पेयजल योजना निर्माण का मामला सामने आया है। भू स्वामी का कहना है कि योजना को बने सालभर से अधिक समय हो गया है लेकिन विभाग वायदे के अनुसार काम नहीं करा रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि पंपिंग योजना की कार्यदायी एजेंसी को उक्त भूमि पर क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल समेत अन्य कार्य कराने के निर्देश दे दिए गए हैं। दुगड्डा ब्लॉक की ग्राम पंचायत भेल्डा के मटियाली गांव के निवासी पंकज भट्ट ने बताया कि उनका परिवार वर्तमान में देहरादून में निवास कर रहा है। उत्तराखंड पेयजल निगम ने उनकी गांव की जमीन पर उन्हें विश्वास में लिए बिना भेल्डा ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना का निर्माण करा दिया। उन्हें सालभर बाद योजना के निर्माण की जानकारी तब लगी, जब वे गांव गए थे। कहा कि उनकी जमीन दुगड्डा–लक्ष्मणझूला मुख्य मार्ग पर मटियाली गांव में पड़ती है। योजना की उपयोगिता को देखते हुए उन्होंने योजना के लिए उपयोग की गई भूमि की एवज में उनकी जमीन में क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल की मरम्मत करने, भूस्खलन रोकने के लिए पुश्ता निर्माण और मुख्य मार्ग से योजना के लिए बने सीसी मार्ग पर करीब 60 मीटर रैलिंग लगाने व एक पेयजल कनेक्शन उनके घर पर देने की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वे विभाग के चक्कर काट रहे हैं। मटियाली गांव में भेल्डा ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना का निर्माण कराया गया है। योजना के लिए निशुल्क भूमि की आवश्यकता होती है। ग्रामीणों ने योजना निर्माण के लिए जमीन चिह्नित कराई थी। निर्माण के बाद अब संबंधित ग्रामीण की ओर से अपनी जमीन होने की बात कही गई। बीती 15 जनवरी को कार्यदायी एजेंसी को उनके द्वारा बताए गए पांच कार्य कराने के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

**—आशीष मिश्रा, अधिशासी अभियंता, उत्तराखंड पेयजल निगम निर्माण शाखा कोटद्वार**

### जेएनवी में रिक्त 9वीं और 11वीं में लेटरल एंट्री परीक्षा सात को

कोटद्वार। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खैरासैंण पौड़ी गढ़वाल में सत्र 2026–27 में 9वीं और 11वीं के रिक्त सीटों के लिए (पार्श्व प्रवेश) लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा शनिवार सात फरवरी को स्कूल परिसर में आयोजित की जाएगी। प्राचार्य प्रदीप कुमार ने बताया कि नौवीं कक्षा के लिए 262 व 11वीं के लिए 70 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। सभी परीक्षार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। ढाई घंटे की प्रवेश परीक्षा 11:15 से 1:45 बजे तक आयोजित की जाएगी जिसके लिए सभी परीक्षार्थियों का 10 बजे तक विद्यालय परिसर में पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षार्थी अपना आधार कार्ड या कोई अन्य निवास प्रमाण पत्र भी साथ लाएं। यदि आधार कार्ड और प्रवेश पत्र में जन्मतिथि भिन्न हो तो जन्म प्रमाणपत्र भी साथ लाएं।

# बस सेवा का अभाव, तीर्थनगरी और राजधानी से कटा क्षेत्र

कोटद्वार। बस सेवा के अभाव में उच्च पर्वतीय क्षेत्र के लोगों का संपर्क तीर्थनगरी हरिद्वार और राजधानी देहरादून से कटा हुआ है।

क्षेत्र की बड़ी आबादी परिवहन के सीमित और यदाकदा मिलने वाले साधनों पर ही निर्भर है। क्षेत्रवासियों ने शासन से मार्ग पर कोई भी बस सेवा शुरू कर आमजन को उसके सीमित दायरे से बाहर निकालकर राज्य के अन्य हिस्सों से जोड़ने की मांग की है। धुमाकोट समेत उच्च पर्वतीय क्षेत्र के लोग पिछले काफी समय से गोलीखाल से जड़ाऊखांद–मजेड़ा बैंड मोटर मार्ग पर गोलीखाल, मजेड़ा बैंड से धुमाकोट, कोटद्वार, हरिद्वार और देहरादून तक और देहरादून, हरिद्वार से वापस धुमाकोट, मजेड़ा बैंड, जड़ाऊखांद, गोलीखाल तक बस सेवा शुरू करने की मांग करते आ रहे हैं। क्षेत्रवासियों कहना है कि वर्षाकाल से पहले मार्ग पर संचालित बस को रोक दिया गया। मजेड़ा बैंड के आसपास गांवों सिरखेत, बिरखेत, किनाथ, बाराथ, धौलियाना, जमणधार, गुजडू कोचियार व कोचियार बड़ा आदि कई गांवों के लोगों को अपने छोटे–छोटे कामों के लिए तहसील धुमाकोट, बैंक, ब्लॉक मुख्यालय नैनीडांडा आने–जाने के लिए टैक्सी बुक करनी पड़ती है। परेशानी को देखते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शासन–प्रशासन के समक्ष जनता की परेशानी को रखते आ रहे हैं, लेकिन बस सेवा को शुरू नहीं किया गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मनराल, भूपेंद्र सिंह रावत, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख सुरेंद्र सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह, भगत सिंह बिष्ट, धन सिंह, अनिल सिंह, विनोद पटवाल, मोहन ध्यानी, सत्यपाल सिंह रावत समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शासन–प्रशासन से बस सेवा शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

### कर्मचारियों को मृदा और जल संरक्षण तकनीकों की दी जानकारी

देहरादून। भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान में वन विभाग उत्तरकाशी के फ्रंट लाइन अधिकारियों को मृदा एवं जल संरक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण देगा। मंगलवार से संस्थान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान पादप विज्ञान प्रभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जगमोहन सिंह तोमर ने जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर एवं समसामयिक विषय पर विस्तार से बताया। कहा कि अनियमित वर्षा, लंबे सूखे, अचानक होने वाली अतिवृष्टि, बढ़ता तापमान, जंगलों में आग की बढ़ती घटनाएँ तथा जल स्रोतों का सूखना ये सभी जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रभावों का सामना सबसे पहले वन क्षेत्रों और वहां कार्यरत फ्रंट लाइन कर्मियों को करना पड़ता है।

# 22 फरवरी को अल्मोड़ा में होगा भव्य हिंदू सम्मेलन

अल्मोड़ा। माँ नंदा देवी हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में आगामी 22 फरवरी को अल्मोड़ा नगर में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य सांस्कृतिक जागरण, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के संदेश को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाना बताया गया है। आयोजन समिति के अनुसार यह सम्मेलन चार महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अवसरों को समर्पित होगा। इनमें भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष, अनुकूल चन्द्र ठाकुर के सत्संग आंदोलन के 100 वर्ष, नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर का 350वां बलिदान दिवस और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष शामिल हैं। सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा इन महापुरुषों के जीवन,



त्याग, आध्यात्मिक संदेश और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर विचार रखे जाएंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और समाज जागरण से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। समिति ने बताया कि सम्मेलन में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। नगर के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। घर–घर संपर्क, आमंत्रण, प्रचार–प्रसार और व्यवस्थाओं के लिए टीमें सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर दिया जोर

नई टिहरी। नगर पंचायत गजा की ओर से गठित महिला समूहों व अन्य महिलाओं की गजा नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान के नेतृत्व में बैठक हुई जिसमें महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष चौहान ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आजीविका बढ़ना है। कृषि वैज्ञानिक डॉ सचिन कुमार, डॉ कीर्ति, डॉ एकता बेलवाल ने कृषि एवं बागवानी, एसबीआई के शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार, आरसेटी के संजीव नेगी, सुनील कुमार समूह को बैंक से दिए जाने वाले ऋण तथा अन्य लोगों ने मातृ वंदना, जननी सुरक्षा, जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा योजना के बारे में बैठक में मौजूद महिलाओं को बताया। जिला पंचायत सदस्य ताजवीर सिंह खाती ने महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आजीविका बढ़ाने की अपील की। इस मौके पर अरविंद जोशी, सूरत गुसाईं, विजय कुमार, दिव्यांशु बिजल्वाण, रंजना चौहान, जमुना देवी, नेहा, राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद थे।

# अतिक्रमण और अवैध पार्किंग ने छीनी चमियाला की रफ्तार

नई टिहरी। चमियाला बाजार क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या से राहत नहीं मिल पा रही है। आए दिन लगने वाला जाम स्थानीय लोगों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदारी करने वाले लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। दूर दराज गांवों से जरूरत का सामान लेने आए लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। बाजार क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और पार्किंग सुविधा के अभाव ने स्थिति गंभीर बनती जा रही है।चमियाला भिलंगना क्षेत्र का मुख्य बाजार होने के कारण दूर–दराज के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं लेकिन पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से लोग मजबूरी में सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते हैं। इससे सड़क संकरी हो जाती है। थोड़ी सी भी भीड़ बढ़ने पर यातायात ठप हो जाता है।

लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। सुबह, दिन और शाम किसी भी वक्त बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे स्थानीय लोगों के साथ खरीदारी करने आए लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस बाबत एसडीएम घनसाली अलकेश नौडियाल का कहना है कि चमियाला बाजार में जाम का मुख्य कारण अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग है। इसे लेकर नगर पंचायत और व्यापारियों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित की जाएगी।

# पटूड़ी गांव ने ठाना नशे को नहीं मिलेगी पंचायत की धरती

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के पटूड़ी गांव में ग्राम पंचायत की खुली बैठक के दौरान ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मांगलिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब का सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित रखने का निर्णय लिया गया। गांव की दुकानों के आसपास और सार्वजनिक स्थलों पर ताश खेलने पर भी रोक लगाई जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने पर ग्राम पंचायत की ओर से 51 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला जाएगा। मंगलवार को ग्राम प्रधान विजय लाल शाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने नशे को समाज के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि शादी, मेहंदी, मुंडन, जन्मदिन और शादी की सालगिरह आयोजनों में खुलेआम शराब परोसे जाने से खासकर युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है जो भविष्य के लिए चिंताजनक है। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो सामाजिक ताना–बाना कमजोर पड़ सकता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्राम सभा की सीमा के भीतर शराब का क्रय–विक्रय पूरी तरह बंद रहेगा। पंचायत स्तर पर सामाजिक निगरानी व्यवस्था भी मजबूत की जाएगी, ताकि तय नियमों का प्रभावी ढंग से पालन हो सके। पहाड़ की पुकार संस्था की संस्थापक अवंतिका भंडारी ने ग्रामीणों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज ही स्वस्थ और सशक्त भविष्य की नींव रखता है।

### पीएमश्री इंटर कॉलेजों के छात्रों का दल शैक्षिक भ्रमण पर हैदराबाद रवाना

नई टिहरी। पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र–छात्राओं का एक दल शैक्षिक भ्रमण के लिए हैदराबाद के टूर पर रवाना किया गया है। सीडीओ वरुणा अग्रवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने छात्रों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छह शिक्षक–शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में 70 छात्र–छात्राओं को भ्रमण पर भेजा गया है। छात्र–छात्राओं को प्रसिद्ध संस्थानों और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराने के लिए मंगलवार को टिहरी जिले के विभिन्न स्कूलों में कक्षा नौ और 11वीं में पढ़ रहे छात्र–छात्राओं को उनके शैक्षिक और सामाजिक विकास के लिए सात दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर हैदराबाद भेजा गया है। इस दौरान मौके पर पहुंची डीएम नितिका खंडेलवाल ने भी छात्रों से बातचीत की।

# धनोल्टी में सफाई व्यवस्था कर पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाएं

नई टिहरी। पर्यटन नगरी धनोल्टी में तहसील दिवस आयोजित किया गया। डीएम नितिका खंडेलवाल ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद अधिकारियों को तहसील दिवस में दर्ज शिकायतों का जल्द निस्तारण कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

धनोल्टी में आयोजित तहसील दिवस में पर्यटन नगरी धनोल्टी में सफाई व्यवस्था करने, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाने की मांग उठाई गई। ग्राम गोठ के प्रधान लाखीराम चमोली ने धनोल्टी से लग्गा गोठ तक सड़क बनाने, जीआईसी धनोल्टी चुलीसैण में कला वर्ग के लिए पदों का सृजन करने, क्षेत्र में आधार कैंप लगाने, लग्गा गोठ में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग की। स्थानीय पशुपालकों ने पशुओं का बीमा और टीकाकरण कराने की मांग उठाई।

लामकंडे के प्रधान दिनेश रावत ने आपदा से क्षतिग्रस्त संपत्तियों का मुआवजा देने, सौंग नदी पर बने चेकडैम से कृषि भूमि को हो रहे नुकसान की रोकथाम के लिए सुरक्षा दीवार लगाने और चुनारी गाड से गांव की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार लगाने की मांग उठाई गई।

गांव की मंजू देवी ने प्रधानमंत्री आवास देने और क्षेत्र की भोजन माताओं ने मानदेय बढ़ाने की मांग की। धनोल्टी टैक्सी–मैक्सी एसोसिएशन ने टैक्सी स्टेंड के लिए जमीन देने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य दीक्षा नेगी ने क्षेत्र में आधार केंद्र खोलने, खनेरी–धनोल्टी मोटर मार्ग को जोड़ने की मांग की। तहसील दिवस में धनोल्टी–कद्दूखाल क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण करने, विद्युत लाइनों को प्रभावित कर रहे पेड़ों की लॉपिंग करने, नेटवर्क समस्या से निजात दिलाने, निराश्रित गोवंश के लिए पार्किंग के नीचे गोशाला बनाने की मांग की गई। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम अंकित राज और तहसीलदार बीरम सिंह आदि मौजूद थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com